www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Test Booklet Code & Serial No.
प्रश्नपत्रिका कोड व क्रमांक

**D**

# Paper-II
# HINDI

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ........................................
   (Name) ................................................
2. (Signature) ........................................
   (Name) ................................................

Seat No. | | | | | | | |
(In figures as in Admit Card)

Seat No. ..........................................................
(In words)

OMR Sheet No. | | | | | | | |
(To be filled by the Candidate)

## SEP - 02221

**Time Allowed : 2 Hours]** **[Maximum Marks : 200**

Number of Pages in this Booklet : **28** Number of Questions in this Booklet : **100**

**Instructions for the Candidates**

1. Write your Seat No. and OMR Sheet No. in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of **100** objective type questions. Each question will carry *two* marks. *All* questions of Paper II will be compulsory.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to the student. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as follows :
   (*i*) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal or open booklet.
   (*ii*) Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to missing pages/questions or questions repeated or not in serial order or any other discrepancy should not be accepted and correct booklet should be obtained from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given. The same may please be noted.
   (*iii*) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each question has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** where (C) is the correct response.
   (A) (B) ● (D)
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done at the end of this booklet.
8. If you write your Name, Seat Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return original OMR Sheet to the invigilator at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry the Test Booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. Use only Blue/Black Ball point pen.
11. Use of any calculator or log table, etc., is prohibited.
12. There is no negative marking for incorrect answers.

**विद्यार्थ्यांसाठी महत्त्वाच्या सूचना**

1. परिक्षार्थींनी आपला आसन क्रमांक या पृष्ठावरील वरच्या कोपऱ्यात लिहावा. तसेच आपणांस दिलेल्या उत्तरपत्रिकेचा क्रमांक त्याखाली लिहावा.
2. सदर प्रश्नपत्रिकेत 100 बहुपर्यायी प्रश्न आहेत. प्रत्येक प्रश्नास **दोन** गुण आहेत. या प्रश्नपत्रिकेतील **सर्व** प्रश्न सोडविणे अनिवार्य आहे.
3. परीक्षा सुरू झाल्यावर विद्यार्थ्याला प्रश्नपत्रिका दिली जाईल. सुरुवातीच्या 5 मिनीटांमध्ये आपण सदर प्रश्नपत्रिका उघडून खालील बाबी अवश्य तपासून पहाव्यात.
   (*i*) प्रश्नपत्रिका उघडण्यासाठी प्रश्नपत्रिकेवर लावलेले सील उघडावे. सील नसलेली किंवा सील उघडलेली प्रश्नपत्रिका स्विकारू नये.
   (*ii*) पहिल्या पृष्ठावर नमूद केल्याप्रमाणे प्रश्नपत्रिकेची एकूण पृष्ठे तसेच प्रश्नपत्रिकेतील एकूण प्रश्नांची संख्या पडताळून पहावी. पृष्ठे कमी असलेली/कमी प्रश्न असलेली/प्रश्नांचा चुकीचा क्रम असलेली किंवा इतर त्रुटी असलेली सदोष प्रश्नपत्रिका सुरुवातीच्या 5 मिनिटातच पर्यवेक्षकाला परत देऊन दुसरी प्रश्नपत्रिका मागवून घ्यावी. त्यानंतर प्रश्नपत्रिका बदलून मिळणार नाही तसेच वेळही वाढवून मिळणार नाही याची कृपया विद्यार्थ्यांनी नोंद घ्यावी.
   (*iii*) वरीलप्रमाणे सर्व पडताळून पाहिल्यानंतरच प्रश्नपत्रिकेवर ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेचा नंबर लिहावा.
4. प्रत्येक प्रश्नासाठी (A), (B), (C) आणि (D) अशी चार विकल्प उत्तरे दिली आहेत. त्यातील योग्य उत्तराचा रकाना खाली दर्शविल्याप्रमाणे ठळकपणे काळा/निळा करावा.
   **उदा. :** जर (C) हे योग्य उत्तर असेल तर.
   (A) (B) ● (D)
5. या प्रश्नपत्रिकेतील प्रश्नांची उत्तरे **ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेतच दर्शवावीत.** इतर ठिकाणी लिहिलेली उत्तरे तपासली जाणार नाहीत.
6. आत दिलेल्या सूचना काळजीपूर्वक वाचाव्यात.
7. प्रश्नपत्रिकेच्या शेवटी जोडलेल्या कोऱ्या पानावरच कच्चे काम करावे.
8. जर आपण ओ.एम.आर. वर नमूद केलेल्या ठिकाणा व्यतिरिक्त इतर कोठेही नाव, आसन क्रमांक, फोन नंबर किंवा ओळख पटेल अशी कोणतीही खूण केलेली आढळून आल्यास अथवा असभ्य भाषेचा वापर किंवा इतर गैरमार्गांचा अवलंब केल्यास विद्यार्थ्याला परीक्षेस अपात्र ठरविण्यात येईल.
9. परीक्षा संपल्यानंतर विद्यार्थ्याने मूळ ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिका पर्यवेक्षकांकडे परत करणे आवश्यक आहे. तथापि, प्रश्नपत्रिका व ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेची द्वितीय प्रत आपल्याबरोबर नेण्यास विद्यार्थ्यांना परवानगी आहे.
10. फक्त निळ्या किंवा काळ्या बॉल पेनचाच वापर करावा.
11. कॅलक्युलेटर किंवा लॉग टेबल वापरण्यास परवानगी नाही.
12. चुकीच्या उत्तरासाठी गुण कपात केली जाणार नाही.

www.prepp.in

Your Personal Exams Guide



Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

SEP - 02221/II—D

# Hindi
## Paper II
# हिंदी
## प्रश्नपत्रिका II

**Time Allowed : 120 Minutes]** **[Maximum Marks : 200**

**सूचना :** इस प्रश्न-पत्र में **सौ (100)** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित तारसप्तक (1943) के कवियों का संगत वर्ग है :

 (A) मुक्तिबोध, शंकुला माथुर, हरिनारायण व्यास, प्रभाकर माचवे

 (B) प्रभाकर माचवे, नेमिचंद्र जैन, रामविलास शर्मा, गिरिजाकुमार माथुर

 (C) अज्ञेय, धर्मवीर भारती, मुक्तिबोध, प्रभाकर माचवे

 (D) अज्ञेय, भगवतीप्रसाद मिश्र, प्रभाकर माचवे, नेमिचंद्र जैन

2. निम्नलिखित में से चतुरसेन शास्त्री के उपन्यासों का संगत वर्ग है :

 (A) अदल-बदल, आत्मदाह, नीलमणि, भिखारिन

 (B) बयालीस, आत्मदाह, अदल-बदल, नीलमणि

 (C) आत्मदाह, मंदिर की नर्तकी, नीलमणि, अदल-बदल

 (D) वंचना, आत्मदाह, नीलमणि, अदल-बदल

3. निम्नलिखित रांगेय राघव के उपन्यासों का संगत वर्ग है :

 (A) रक्त की प्यास, मुर्दों का टीला, चीवर, अंधेरे के जुगनू

 (B) मुर्दों का टीला, चीवर, अंधेरे के जुगनू, यशोधरा जीत गई

 (C) यशोधरा जीत गई, चीवर, मुर्दों का टीला, विस्मृत यात्री

 (D) चीवर, रक्त की प्यास, सिंह सेनापति, मुर्दों का टीला

4. निम्नलिखित निबंधों का संगत वर्ग कौन-सा है ?

 (A) नाखून क्यों बढ़ते हैं, उत्तर फाल्गुनी के आस-पास, उठ जाग मुसाफिर, संस्कृति और सौंदर्य

 (B) नाखून क्यों बढ़ते हैं, धरती धन न अपना, सिक्का बदल गया, पिता

 (C) पिता, राही, तमस, संस्कृति और सौंदर्य

 (D) नाखून क्यों बढ़ते हैं, तमस, राही, पिता

Prepp
Your Personal Exams Guide



5. प्रसादोत्तर ऐतिहासिक नाटककारों का संगत वर्ग क्या है ?
   (A) लक्ष्मीनारायण मिश्र, हरिकृष्ण प्रेमी, वृन्दावनलाल वर्मा, गोपालराम गहमरी
   (B) हरिकृष्ण प्रेमी, लक्ष्मीनारायण मिश्र, वृन्दावनलाल वर्मा, गोपालराम गहमरी
   (C) हरिकृष्ण प्रेमी, उदयशंकर भट्ट, लक्ष्मीनारायण मिश्र, वृन्दावनलाल वर्मा
   (D) हरिकृष्ण प्रेमी, गोपालराम गहमरी, उदयशंकर भट्ट, लक्ष्मीनारायण मिश्र

6. निम्नलिखित संचारी भाव का संगत वर्ग है :
   (A) स्तंभ, चिंता, असूया, शंका
   (B) असूया, अश्रु, वैवर्ण्य, मद
   (C) वैवर्ण्य, मद, स्तंभ, चिंता
   (D) शंका, चिंता, असूया, मद

7. निम्नलिखित में से कुबेरनाथ राय की निबंध रचनाओं का संगत वर्ग है :
   (A) निषाद बाँसुरी, तुम चंदन हम पानी, निषाद योग, कामधेनु
   (B) निषाद योग, कामधेनु, प्रिया निलकंठी, निषाद बाँसुरी
   (C) कामधेनु, रेखाएँ बोल उठीं, प्रिया निलकंठी, निषाद बाँसुरी
   (D) प्रिया निलकंठी, जनम जनम के फेरे, सौंदर्य और साँप, निषाद बाँसुरी

8. प्लेटो द्वारा रचित रचनाओं का संगत वर्ग लिखिए :
   (A) इओन, सिंपोसियोन, पोलितेइया, रिपब्लिक
   (B) फएट्रस, प्रिंसिपल्स ऑफ लिटररी क्रिटिसिज्म, थियरी ऑफ नॉवल्स, पोलितेइया
   (C) फएट्रस, पोलितेइया, इन्डीविड्युल टेलेंट, सेक्रेट वुड
   (D) सेक्रेट वुड, पोलितेइया, न्यू क्रिटिसिज्म, रिपब्लिक

9. हिंदी की आत्मकथाओं का संगत वर्ग है :
   (A) मेरी जीवन यात्रा, क्या भूलूँ क्या याद करूँ, मेरा जीवन संघर्ष, मुड़-मुड़ के देखता हूँ
   (B) मेरा जीवन संघर्ष, क्या भूलूँ क्या याद करूँ, मुड़-मुड़ के देखता हूँ, मेरी जीवन यात्रा
   (C) मेरी जीवन यात्रा, मेरा जीवन संघर्ष, क्या भूलूँ क्या याद करूँ, मुड़-मुड़ के देखता हूँ
   (D) मुड़-मुड़ के देखता हूँ, मेरा जीवन संघर्ष, क्या भूलूँ क्या याद करूँ, मेरी जीवन यात्रा

10. निम्नलिखित संस्मरण कृतियों का संगत वर्ग कौन-सा है ?

(A) जिनके साथ जिया, कुछ यादें कुछ चर्चाएँ, मेरा हमदम मेरा दोस्त, एक दुनिया अपनी

(B) जिनके साथ जिया, कलम का सिपाही, अपोलो का रथ, स्मृति की रेखाएँ

(C) जिनके साथ जिया, कश्मीर से कन्याकुमारी, अंतहीन आकाश, कितना अकेला आकाश

(D) जिनके साथ जिया, मेरा हमदम मेरा दोस्त, मेरे सात जनम, बसेरे से दूर

11. पद्मावत के खंडों का सही क्रम कौन-सा है ?

(A) नागमती वियोग खंड, स्तुतिखंड, मानसरोदक खंड, मंडप खंड

(B) मंडप खंड, नागमती वियोग खंड, स्तुतिखंड, मानसरोदक खंड

(C) स्तुतिखंड, मानसरोदक खंड, मंडप खंड, नागमती वियोग खंड

(D) स्तुतिखंड, मंडप खंड, नागमती वियोग खंड, मानसरोदक खंड

12. उपमेय में उपमान का निषेध रहित आरोप किस अलंकार में होता है ?

(A) उपमा

(B) संभावना

(C) रूपक

(D) श्लेष

13. निम्नलिखित रचनाओं का कालक्रमानुसार सही क्रम है :

(A) भविसयत्त चरिउ, बाहुबलि चरित, नायक-कुमार चरित, धनकुमार चरित

(B) धनकुमार चरित, नायककुमार चरित, बाहुबलि चरित, भविसयत्त चरिउ

(C) भविसयत्त चरिउ, धनकुमार चरित, बाहुबलि चरित, नायककुमार चरित

(D) नायककुमार चरित, भविसयत्त चरिउ, बाहुबलि चरित, धनकुमार चरित

14. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार नाथों का **सही** क्रम कौन-सा है ?

(A) नागार्जुन, जड़भरत, गोरक्षनाथ, हरिश्चंद्र

(B) जड़भरत, नागार्जुन, गोरक्षनाथ, हरिश्चंद्र

(C) नागार्जुन, जड़भरत, हरिश्चंद्र, गोरक्षनाथ

(D) गोरक्षनाथ, नागार्जुन, जड़भरत, हरिश्चंद्र

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide



15. निम्नलिखित रचनाओं का कालक्रम की दृष्टि से **सही** क्रम है :
    (A) वर्ण रत्नाकर, माणिक्य चंद्र सूरि, अचलदास खीचीरी वचनिका, मुहणौत नैण सी री ख्यात
    (B) माणिक्य चंद्र सूरि, वर्ण रत्नाकर, मुहणौत नैण सी री ख्यात, अचलदास खीचीरी वचनिका
    (C) अचलदास खीचीरी वचनिका, वर्ण रत्नाकर, मुहणौत नैण सी री ख्यात, माणिक्य चंद्र सूरि
    (D) माणिक्य चंद्र सूरि, अचलदास खीचीरी वचनिका, मुहणौत नैण सी री ख्यात, वर्ण रत्नाकर

16. कालक्रम के अनुसार भक्तिकालीन कवियों का अनुक्रम है :
    (A) रामानंद, कबीरदास, धरमदास, रैदास
    (B) कबीरदास, रामानंद, रैदास, धरमदास
    (C) रामानंद, रैदास, कबीरदास, धरमदास
    (D) धरमदास, रामानंद, रैदास, कबीरदास

17. प्रकाशन वर्ष के अनुसार पत्रिकाओं का **सही** अनुक्रम है :
    (A) रूपाभ, नयी कविता, समालोचक, साहित्य संदेश
    (B) साहित्य संदेश, समालोचक, नयी कविता, रूपाभ
    (C) रूपाभ, साहित्य संदेश, नयी कविता, समालोचक
    (D) समालोचक, साहित्य संदेश, रूपाभ, नयी कविता

18. रामचंद्र शुक्ल ने 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' ग्रंथ में निर्गुणधारा : ज्ञानाश्रयी शाखा के अन्तर्गत जिन कवियों का उल्लेख किया है, उनका **सही** अनुक्रम लिखिए :
    (A) कबीर, रैदास, धर्मदास, गुरुनानक
    (B) धर्मदास, रैदास, कबीर, गुरुनानक
    (C) रैदास, धर्मदास, कबीर, गुरुनानक
    (D) कबीर, धर्मदास, रैदास, गुरुनानक

19. अज्ञेय की रचनाओं का **सही** अनुक्रम क्या है ?
    (A) आंगन के पार द्वार, हरी घास पर क्षण भर, भग्नदूत, चिन्ता
    (B) हरी घास पर क्षण भर, भग्नदूत, चिन्ता, आँगन के पार द्वार
    (C) आँगन के पार द्वार, भग्नदूत, चिन्ता, हरी घास पर क्षण भर
    (D) भग्नदूत, चिन्ता, हरी घास पर क्षण भर, आँगन के पार द्वार

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in



20. जन्मकाल के अनुसार निम्नलिखित निबंधकारों का **सही** अनुक्रम कौन-सा है ?

   (A) बालकृष्ण भट्ट, रामचन्द्र शुक्ल, हजारी-प्रसाद द्विवेदी, विद्यानिवास मिश्र

   (B) बालकृष्ण भट्ट, हजारीप्रसाद द्विवेदी, रामचन्द्र शुक्ल, विद्यानिवास मिश्र

   (C) रामचंद्र शुक्ल, हजारीप्रसाद द्विवेदी, बालकृष्ण भट्ट, विद्यानिवास मिश्र

   (D) विद्यानिवास मिश्र, बालकृष्ण भट्ट, रामचन्द्र शुक्ल, हजारीप्रसाद द्विवेदी

21. निम्नलिखित उपन्यासों का रचनाकाल की दृष्टि से **सही** क्रम है :

   (A) परीक्षा गुरु, भाग्यवती, चंद्रकांता, नूतन ब्रह्मचारी

   (B) भाग्यवती, चंद्रकांता, परीक्षा गुरु, नूतन ब्रह्मचारी

   (C) चंद्रकांता, नूतन ब्रह्मचारी, परीक्षा गुरु, भाग्यवती

   (D) भाग्यवती, परीक्षा गुरु, नूतन ब्रह्मचारी, चंद्रकांता

22. निम्नलिखित उपन्यासों का **सही** अनुक्रम क्या है ?

   (A) राग दरबारी, अंधेरे बंद कमरे, अल्मा कबूतरी, मुझे चाँद चाहिए

   (B) राग दरबारी, अल्मा कबूतरी, मुझे चाँद चाहिए, अंधेरे बंद कमरे

   (C) अंधेरे बंद कमरे, राग दरबारी, मुझे चाँद चाहिए, अल्मा कबूतरी

   (D) मुझे चाँद चाहिए, राग दरबारी, अल्मा कबूतरी, अंधेरे बंद कमरे

23. निम्नलिखित कहानियों का कालक्रमानुसार सही क्रम है :

   (A) इंदुमती, दुलाईवाली, पंडित और पंडितानी, गुलबहार

   (B) गुलबहार, इंदुमती, दुलाईवाली, पंडित और पंडितानी

   (C) दुलाईवाली, पंडित और पंडितानी, इंदुमती, गुलबहार

   (D) इंदुमती, गुलबहार, पंडित और पंडितानी, दुलाईवाली

www.prepp.in



24. उपेंद्रनाथ अश्क के एकांकी नाटकों का कालक्रमानुसार **सही** क्रम है :

(A) भँवर, सूखी डाली, स्वर्ग की झलक, लक्ष्मी का स्वागत

(B) स्वर्ग की झलक, लक्ष्मी का स्वागत, सूखी डाली, भँवर

(C) लक्ष्मी का स्वागत, स्वर्ग की झलक, भँवर, सूखी डाली

(D) सूखी डाली, लक्ष्मी का स्वागत, भँवर, स्वर्ग की झलक

25. निम्नलिखित रचनाओं के लेखन का **सही** अनुक्रम क्या है ?

(A) अंधेर नगरी, स्कंदगुप्त, झाँसी की रानी, कोणार्क

(B) स्कंदगुप्त, झाँसी की रानी, अंधेर नगरी, कोणार्क

(C) कोणार्क, स्कंदगुप्त, झाँसी की रानी, अंधेर नगरी

(D) झाँसी की रानी, अंधेर नगरी, कोणार्क, स्कंदगुप्त

26. जन्मकाल के अनुसार निम्नलिखित हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखकों का **सही** क्रम कौन-सा है ?

(A) रामचंद्र शुक्ल, मिश्रबंधु, हजारीप्रसाद द्विवेदी, बच्चन सिंह

(B) मिश्रबंधु, बच्चन सिंह, रामचंद्र शुक्ल, हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) मिश्रबंधु, रामचंद्र शुक्ल, हजारीप्रसाद द्विवेदी, बच्चन सिंह

(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी, रामचंद्र शुक्ल, मिश्रबंधु, बच्चन सिंह

27. राहुल सांकृत्यायन के यात्रा-साहित्य का काल-क्रमानुसार **सही** क्रम है :

(A) मेरी जीवन यात्रा, किन्नर देश में, हिमालय परिचय, गढ़वाल परिचय

(B) किन्नर देश में, मेरी जीवन यात्रा, हिमालय परिचय, गढ़वाल परिचय

(C) गढ़वाल परिचय, मेरी जीवन यात्रा, किन्नर देश में, हिमालय परिचय

(D) हिमालय परिचय, किन्नर देश में, मेरी जीवन यात्रा, गढ़वाल परिचय

28. स्त्री विमर्श संबंधी निम्न रचनाओं को कालक्रमानुसार लिखिए :
   (A) शृंखला की कड़ियाँ, बाजार के बीच बाज़ार के खिलाफ, औरत के लिए औरत, स्त्री विमर्श का लोकपक्ष
   (B) बाज़ार के बीच बाज़ार के खिलाफ, शृंखला की कड़ियाँ, औरत के लिए औरत, स्त्री विमर्श का लोकपक्ष
   (C) स्त्री विमर्श का लोकपक्ष, बाज़ार के बीच बाज़ार के खिलाफ, शृंखला की कड़ियाँ औरत के लिए औरत
   (D) औरत के लिए औरत, शृंखला की कड़ियाँ, बाज़ार के बीच बाज़ार के खिलाफ, स्त्री विमर्श का लोकपक्ष

29. पाश्चात्य रचनाओं का **सही** क्रम कौन-सा है ?
   (A) प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म, पेरिइप्सुस, बियोंड, द रिपब्लिक
   (B) द रिपब्लिक, प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म, पेरिइप्सुस, बियोंड
   (C) बियोंड, पेरिइप्सुस, प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म, द रिपब्लिक
   (D) द रिपब्लिक, पेरिइप्सुस, बियोंड, प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म

30. प्रकाशन वर्ष के अनुसार विद्यानिवास मिश्र के निबंधों का **सही** अनुक्रम है :
   (A) मेरे राम का मुकुट भीग रहा है, तुम चंदन हम पानी, गांधी का करुण रस, बूंद मिले सागर से
   (B) तुम चंदन हम पानी, मेरे राम का मुकुट भीग रहा है, बूंद मिले सागर से, गांधी का करुण रस
   (C) गांधी का करुण रस, बूंद मिले सागर से, मेरे राम का मुकुट भीग रहा है, तुम चंदन हम पानी
   (D) बूंद मिले सागर से, गांधी का करुण रस, तुम चंदन हम पानी, मेरे राम का मुकुट भीग रहा है

31. **स्थापना** : कविता पूर्ण होते ही कवि सृजन के तनाव से मुक्त होता है।
   **तर्क** : मात्र वैयक्तिक मुक्ति हेतु काव्य लिखा जाता है।
   इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?
   (A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।
   (B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।
   (C) स्थापना सही और तर्क गलत है।
   (D) स्थापना गलत और तर्क सही है।

www.prepp.in



32. **स्थापना** : शासन की पहुँच प्रवृत्ति और निवृत्ति की बाहरी व्यवस्था तक ही होती है।

**तर्क** : भीतरी या सच्ची प्रवृत्ति-निवृत्ति को जागृत रखने वाली शक्ति शासन में नहीं होती है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है।

33. **स्थापना** : रचना जीवन का अर्थ विस्तार करती है, तो भावक तथा आलोचक रचना का अर्थ विस्तार करता है।

**तर्क** : क्योंकि रचना में जीवन का संचित अनुभव निहित होता है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है।

34. **स्थापना** : प्रयोगवादी कवियों ने उपमानों के क्षेत्र में नए प्रयोग किए।

**तर्क** : नए उपमान भाव-सौन्दर्य में बाधक नहीं थे।

**सही** विकल्प दीजिए :

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

(B) स्थापना सही और तर्क सही है।

(C) स्थापना गलत और तर्क सही है।

(D) स्थापना सही और तर्क गलत है।

35. **स्थापना** : काव्य का स्वरूप इतिहास से भव्यतर होता है।

**तर्क** : क्योंकि काव्य में सार्वभौम की अभिव्यक्ति होती है और इतिहास में विशेष की।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है।

36. **स्थापना** : वास्तव में वही रचना महान है जो परीक्षण की अनेक कसौटियों पर कसे जाने पर भी खरी उतरती है।

**तर्क** : महानता की कोई कसौटी नहीं हो सकती।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है।

37. **स्थापना** : छायावाद प्रकृति और मानव जीवन की अवस्थिति को द्योतित करता है।

**तर्क** : छायावाद प्रेम, प्रकृति व सौन्दर्य का काव्य है।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना सही और तर्क सही है।

(B) स्थापना गलत और तर्क सही है।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है।

(D) स्थापना आंशिक सही और तर्क आंशिक सही है।

38. **स्थापना** : "दोष रहित, गुण सहित एवं अपवादतः कुछ स्थलों को छोड़कर अलंकार-युक्त शब्दार्थ को काव्य कहते हैं।"

**तर्क** : 'उत्तम-से-उत्तम काव्य भी सर्वथा निर्दोष नहीं होता।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना गलत और तर्क सही है।

(B) तर्क गलत और स्थापना सही है।

(C) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।

(D) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

39. **स्थापना** : रसवाद मानव की भावगत स्थापना के स्तरों की ओर हमारा ध्यान आकर्षित नहीं करता है।

**तर्क** : वह कला के लिए कला सिद्धांत के पूरक है।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



40. **स्थापना** : स्थायी भाव प्रत्येक सहृदय के चित्त में संस्कार रूप से विद्यमान रहते हैं, संस्कार रूप होने के कारण वे समान होते हैं।

**तर्क** : क्योंकि अनादि संस्कारों द्वारा चित्रित चित्तवाले सभी सामाजिकों की एक जैसी वासना होती है।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है।

41. कामायनी के इड़ा सर्ग में 'नयन महोत्सव' की प्रतीक किसे बतलाया गया है ?

(A) श्रद्धा

(B) देवांगना

(C) इड़ा

(D) लज्जा

42. साक्षात संकेतित अर्थ के बोधक व्यापार को क्या कहते हैं ?

(A) प्रयोजनवती लक्षणा

(B) रूढ़ि लक्षणा

(C) अभिधा

(D) व्यंजना

43. व्याकरण का स्फोट सिद्धान्त किस भारतीय काव्य सिद्धान्त का आधार माना जाता है ?

(A) रस सिद्धांत

(B) रीति सिद्धांत

(C) ध्वनि सिद्धांत

(D) वक्रोक्ति सिद्धांत

44. निम्नलिखित में से भरतमुनि द्वारा प्रतिपादित गर्भसंधि का अंग नहीं है :

(A) संग्रह

(B) उदाहरण

(C) मार्ग

(D) प्रगमन

45. "कवि की अंत:प्रज्ञा (Intuition) ही काव्य में रूपायित होती है।" यह किसकी मान्यता है ?

(A) आई. ए. रिचर्ड्स

(B) किर्केगार्दे

(C) क्रोचे

(D) टी. एस. इलियट

46. कार्ल मार्क्स के द्वंद्ववाद पर किसके विचारों का प्रभाव माना जाता है ?

(A) हीगेल

(B) डार्विन

(C) फायरबाख

(D) प्लेटो

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



47. 'संप्रेषण' को आई. ए. रिचर्ड्स किस तरह की प्रक्रिया मानते हैं ?
    (A) सचेतन
    (B) अचेतन
    (C) असाधारण
    (D) अलौकिक

48. निम्नलिखित में से कौन-सा जनपद ब्रजभाषा के क्षेत्र में है ?
    (A) मिर्जापुर
    (B) बालाघाट
    (C) आगरा
    (D) खेरागढ़

49. वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना कब हुई ?
    (A) अक्टूबर, 1960
    (B) अक्टूबर, 1962
    (C) अक्टूबर, 1961
    (D) अक्टूबर, 1963

50. निम्नांकित में से कौन-सी भाषा देवनागरी लिपि में नहीं लिखी जाती है ?
    (A) मराठी
    (B) नेपाली
    (C) पंजाबी
    (D) हिन्दी

51. 'ए स्केच ऑव हिन्दी लिट्रेचर' के लेखक कौन हैं ?
    (A) मौलवी करीम उद्दीन
    (B) एफ. ई. के (Key)
    (C) जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन
    (D) इडविन ग्रीव्ज

52. 'बंगदूत' पत्रिका का प्रथम अंक कब प्रकाशित हुआ ?
    (A) 12 मई 1822 ई.
    (B) 09 मई 1830 ई.
    (C) 10 मई 1829 ई.
    (D) 08 मई 1819 ई.

53. ''प्रेममार्ग का ऐसा प्रवीण और धीर पथिक तथा जबाँदानी का ऐसा दावा रखने वाला ब्रजभाषा का दूसरा कवि नहीं हुआ।'' शुक्ल जी का यह कथन किस कवि के लिए है ?
    (A) सूरदास
    (B) तुलसीदास
    (C) घनानन्द
    (D) नन्ददास

54. असाइत द्वारा लिखित 'हंसावली' की भाषा है :
    (A) अवधी
    (B) राजस्थानी
    (C) ब्रज
    (D) अपभ्रंश

Prepp
Your Personal Exams Guide



55. निम्नलिखित में से दक्खिनी की प्रथम रचना मानी जाती है :

(A) कुतुबनामा

(B) सबरस

(C) मीराजुल आशकीन

(D) हश्तमसायल

56. निम्नलिखित में से नृपशंभु की रचना नहीं है :

(A) रसराज

(B) नखशिख

(C) सातशतक

(D) नायिका-भेद

57. कम्प्यूटर पर हिन्दी के लिए सबसे उपयुक्त फॉन्ट कौन-सा है ?

(A) यूनी कोड

(B) कृतिदेव

(C) शिवाजी

(D) मंगल

58. मैथिलीशरण गुप्त की कौन-सी रचना अनूदित है ?

(A) पंचवटी

(B) साकेत

(C) सिद्धराज

(D) मेघनाद-बध

59. कौन-सी लंबी कविता नहीं है ?

(A) प्रलय की छाया

(B) सरोज स्मृति

(C) परिवर्तन

(D) प्रथम रश्मि

60. द्रुत झरो जगत् के जीर्ण पत्र,

हे स्रस्त-ध्वज! हे शुष्क-शीर्ण'

उक्त काव्य-पंक्तियाँ सुमित्रानंदन पंत की कौनसी कविता से हैं ?

(A) युगांत

(B) गुंजन

(C) पल्लव

(D) अप्सरा

61. प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना वर्ष है :

(A) 1936

(B) 1937

(C) 1935

(D) 1932

62. 'शेरसिंह का शस्त्र समर्पण' रचना के रचनाकार हैं :

(A) सुभद्राकुमारी चौहान

(B) वृंदावनलाल वर्मा

(C) हरिकृष्ण प्रेमी

(D) जयशंकर प्रसाद

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide



63. 'पानी के प्राचीर' में किस गाँव का चित्रण हुआ है ?
    (A) गंगौली
    (B) शिवपालगंज
    (C) पांडे पुरवा
    (D) मेरीगंज

64. निम्नलिखित में से कौन-सा पात्र 'बाणभट्ट की आत्मकथा' से सम्बन्धित है ?
    (A) मृणालमंजरी
    (B) रैक्व
    (C) जानश्रुति
    (D) विरतिव्रज

65. 'शॉर्ट स्टोरी' के लिए 'कहानी' पद का प्रथम प्रयोग किसने किया ?
    (A) प्रेमचंद
    (B) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
    (C) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी
    (D) जयशंकर प्रसाद

66. 'उदयभानु चरित' को दूसरा नाम क्या दिया गया है ?
    (A) रानी केतकी की कहानी
    (B) पद्मावत
    (C) कवितावली
    (D) हनुमंत चालीसा

67. निम्न में से देश-विभाजन पर आधारित कहानी नहीं है :
    (A) लेटरबॉक्स
    (B) बदला
    (C) शरणदाता
    (D) दादी-माँ

68. निम्नलिखित में से कौन-सी पत्रिका के माध्यम से 'समांतर' कहानी का प्रचार-प्रसार हुआ ?
    (A) सारिका
    (B) चाँद
    (C) माधुरी
    (D) सरस्वती

69. निम्नलिखित में से मोहन राकेश का एकांकी नहीं है :
    (A) सिपाही की माँ
    (B) बहुत बड़ा सवाल
    (C) ताज महल के आँसू
    (D) अंडे के छिलके

70. 'बकलम खुद' निबंध के रचनाकार हैं :
    (A) नामवर सिंह
    (B) विभूतीनारायण राय
    (C) वियोगी हरि
    (D) नंददुलारे वाजपेयी

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide



71. निम्नलिखित आर्यभाषाओं को उनकी बोलियों के साथ सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) सिंधी

(*b*) लहँदा

(*c*) गुजराती

(*d*) मराठी

**सूची II**

(1) अनावला

(2) विचोली

(3) लरिया

(4) खेत्रानी

(5) झार्पी

इनमें से **सही** विकल्प है :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (2) | (4) | (1) | (5) |
| (B) | (3) | (5) | (1) | (4) |
| (C) | (4) | (2) | (1) | (5) |
| (D) | (3) | (4) | (1) | (2) |

72. निम्नलिखित पत्रिकाओं को उनके संपादकों के साथ सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) देश

(*b*) माधुरी

(*c*) चाँद

(*d*) मतवाला

**सूची II**

(1) दुलारेलाल भार्गव

(2) रामरखसिंह सहगल

(3) जीवनशंकर याज्ञिक

(4) डॉ. राजेंद्र प्रसाद

(5) महादेव प्रसाद सेठ

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (3) | (2) | (5) |
| (B) | (5) | (2) | (3) | (4) |
| (C) | (4) | (1) | (2) | (5) |
| (D) | (4) | (2) | (1) | (5) |

73. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को उनकी काव्य-रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) नित्य समरसता का अधिकार
उमड़ता कारण-जलधि समान,
व्यथा से नीली लहरों बीच
बिखरते सुख-मणिगण द्युतिमान।

(*b*) तुम समझ न सको, बुराई से
शुभ-इच्छा की है बडी़ शक्ति
हो विफल तर्क से भरी युक्ति।

(*c*) नींद थी मेरी अचल निस्पंद कण-कण में,
प्रथम जागृति थी जगत के प्रथम स्पंदन में,

(*d*) सड़े पत्ते, गले पत्ते,
हरे पत्ते, जले पत्ते,
वन्य पथ को ढँक रहे-से
पंक दल में पले पत्ते।

**सूची II**

(1) लज्जा
(2) सतपुड़ा के जंगल
(3) इड़ा
(4) श्रद्धा
(5) बीन भी हूँ मैं तुम्हारी रागिनी भी हूँ

निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (4) | (1) | (5) |
| (B) | (4) | (3) | (5) | (2) |
| (C) | (4) | (1) | (2) | (3) |
| (D) | (5) | (2) | (3) | (4) |

74. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को उनके कवियों से सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) नांगे फिरे जोग जो होई,
बन का मृग मुकती गया कोई।

(*b*) रैन गंवाई सोइ कै, दिवसु गंवाइया खाय।

(*c*) जेहिं पंक्षी के निअर होइ,
कहै बिरह कै बात।

(*d*) किसे इश्क अव्वल ते यूँ इश्क बाज।

**सूची II**

(1) जायसी
(2) नानकदेव
(3) मीरा हाशमी
(4) मुल्ला वजही
(5) कबीरदास

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (5) | (2) | (1) | (4) |
| (B) | (5) | (2) | (1) | (3) |
| (C) | (4) | (5) | (2) | (3) |
| (D) | (2) | (5) | (4) | (1) |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



75. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को उनके कवियों से सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) सगुन अलंकारन सहित,
दोष-रहित जो होइ।

(*b*) शब्द जीव तिहिं अरथ मन,
रसमय सुजय शरीर।

(*c*) जदपि न दोष बिनु गुन सहित,
सब तन परम अनूप।

(*d*) सगुन पदारथ दोष बिनु,
पिंगल मत अविरुद्ध।

**सूची II**

(1) देव

(2) सोमनाथ

(3) चिंतामणि

(4) केशवदास

(5) श्रीपति

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (2) | (5) | (4) | (3) |
| (B) | (4) | (2) | (5) | (1) |
| (C) | (1) | (5) | (3) | (4) |
| (D) | (3) | (1) | (5) | (2) |

76. निम्नलिखित रचनाकारों को उनकी रचनाओं से सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) उदयशंकर भट्ट

(*b*) श्यामनारायण पांडेय

(*c*) द्वारिकाप्रसाद मिश्र

(*d*) रामकुमार वर्मा

**सूची II**

(1) कृष्णायन

(2) पुरुषोत्तम

(3) जौहर

(4) मानसी

(5) हल्दीघाटी

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (5) | (1) | (3) |
| (B) | (2) | (1) | (3) | (5) |
| (C) | (3) | (4) | (1) | (2) |
| (D) | (4) | (3) | (1) | (5) |

77. निम्नलिखित छायावादी काव्य-पँक्तियों को प्रयुक्त नवीन उपमानों से सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) बिखरी अलकें ज्यों तर्क जाल

(*b*) कीर्ति किरण सी नाच रही है

(*c*) शीतल ज्वाला में जलता हूँ

(*d*) बांधा था विधु को किसने, इन काली जंजीरों से।

**सूची II**

(1) रूपकातिशयोक्ति

(2) मूर्त के लिए अमूर्त उपमान

(3) अमूर्त के लिए मूर्त उपमान

(4) विरोधाभास

(5) विशेषण-विपर्यय

इनमें में से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (2) | (3) | (4) | (1) |
| (B) | (3) | (2) | (1) | (5) |
| (C) | (5) | (1) | (2) | (4) |
| (D) | (3) | (2) | (1) | (5) |

78. निम्नलिखित उपन्यासों को उनके प्रकाशन के संदर्भ में धारावाहिक रूप में प्रकाशित पत्रिकाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) रहस्यकथा

(*b*) सुंदर

(*c*) हृदयहारिणी वा आदर्श रमणी

(*d*) घराऊ घटना

**सूची II**

(1) हिन्दुस्तान

(2) हिन्दी बंगवासी

(3) बिहार बन्धु

(4) सरस्वती

(5) हिन्दी प्रदीप

इनमें से **सही** विकल्प चुनिए :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (5) | (3) | (1) | (2) |
| (B) | (1) | (2) | (3) | (4) |
| (C) | (2) | (1) | (5) | (4) |
| (D) | (5) | (3) | (4) | (2) |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



79. निम्नलिखित उपन्यासों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) मुर्दों का टीला

(*b*) दिव्या

(*c*) करवट

(*d*) पुनर्नवा

**सूची II**

(1) अमृतलाल नागर

(2) रांगेय राघव

(3) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(4) यशपाल

(5) वृंदावनलाल वर्मा

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (2) | (3) | (4) | (1) |
| (B) | (5) | (1) | (3) | (2) |
| (C) | (2) | (4) | (1) | (3) |
| (D) | (3) | (5) | (2) | (4) |

80. कहानी आन्दोलन को उनसे सम्बद्ध कहानीकारों से सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) सहज कहानी

(*b*) समकालीन कहानी

(*c*) समान्तर कहानी

(*d*) सक्रिय कहानी

**सूची II**

(1) कमलेश्वर

(2) अमृतराय

(3) राकेश वत्स

(4) गंगाप्रसाद विमल

(5) राजेन्द्र अवस्थी

**सही** विकल्प का चयन कीजिए :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (2) | (1) | (3) | (4) |
| (B) | (2) | (4) | (1) | (3) |
| (C) | (3) | (4) | (5) | (2) |
| (D) | (5) | (2) | (3) | (1) |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



81. निम्नलिखित कहानियों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) पंच परमेश्वर

(*b*) कफन

(*c*) श्यामा

(*d*) आहुति

**सूची II**

(1) चन्द्रकिरण सौनरेक्शा

(2) सुभद्राकुमारी चौहान

(3) विवेकी राय

(4) रांगेय राघव

(5) निराला

इनमें से **सही** विकल्प चुनिए :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (3) | (5) | (2) |
| (B) | (1) | (3) | (5) | (2) |
| (C) | (3) | (1) | (2) | (5) |
| (D) | (3) | (4) | (5) | (2) |

82. निम्नलिखित रचनाओं को उनके नाट्य रूपों के साथ सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) चन्द्रावली

(*b*) विषस्य विषमौषधम

(*c*) एक घूँट

(*d*) करुणालय

**सूची II**

(*i*) गीतिनाट्य

(*ii*) एकांकी

(*iii*) भाण

(*iv*) नाटिका

(*v*) प्रहसन

निम्नलिखित में से **सही** विकल्प कौनसा है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iv*) | (*ii*) | (*i*) | (*iii*) |
| (B) | (*iv*) | (*iii*) | (*ii*) | (*i*) |
| (C) | (*iv*) | (*ii*) | (*iii*) | (*i*) |
| (D) | (*iii*) | (*iv*) | (*ii*) | (*i*) |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



83. निबन्धों को उनके लेखकों से सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) अशोक के फूल

(*b*) साहित्य का श्रेय और प्रेय

(*c*) तुम चन्दन हम पानी

(*d*) मिट्‌टी की ओर

**सूची II**

(1) दिनकर

(2) विद्यानिवास मिश्र

(3) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(4) जैनेन्द्रकुमार

(5) रामचन्द्र शुक्ल

**सही** विकल्प का चयन कीजिए :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (2) | (1) | (4) |
| (B) | (5) | (4) | (3) | (2) |
| (C) | (3) | (4) | (5) | (2) |
| (D) | (3) | (4) | (2) | (1) |

84. निम्नलिखित पत्रिकाओं को उनके संपादकों से सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) समालोचक

(*b*) सुदर्शन

(*c*) माधुरी

(*d*) प्रभा

**सूची II**

(1) दुलारेलाल भार्गव

(2) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(3) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी'

(4) देवकीनन्दन खत्री

(5) महावीरप्रसाद द्विवेदी

इनमें में से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (3) | (2) | (4) |
| (B) | (3) | (2) | (1) | (4) |
| (C) | (1) | (3) | (2) | (5) |
| (D) | (3) | (4) | (5) | (2) |

Prepp
Your Personal Exams Guide



85. निम्नलिखित ग्रंथों को उनके लेखकों के नामों से सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) काव्यादर्श

(*b*) चन्द्रालोक

(*c*) ध्वन्यालोक

(*d*) रसगंगाधर

**सूची II**

(1) जगन्नाथ

(2) दण्डी

(3) जयदेव

(4) आनन्दवर्द्धन

(5) वामन

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (5) | (1) | (3) | (4) |
| (B) | (1) | (4) | (3) | (2) |
| (C) | (2) | (3) | (4) | (1) |
| (D) | (4) | (2) | (5) | (3) |

86. निम्नलिखित पुस्तकों को उनके लेखकों के नामों से सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) 'प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म'

(*b*) 'द सेक्रेड वुड'

(*c*) 'ईस्थेटिक'

(*d*) 'बायोग्राफिया लिटरेरिया'

**सूची II**

(1) कोलरिज

(2) आई. ए. रिचर्ड्स

(3) टी. एस. इलियट

(4) बेनेदेत्तो क्रोचे

(5) अरस्तू

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (5) | (1) | (2) | (4) |
| (B) | (2) | (3) | (4) | (1) |
| (C) | (1) | (2) | (3) | (5) |
| (D) | (4) | (5) | (2) | (3) |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



87. निम्नलिखित एकांकी और उनके रचनाकारों को सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) पृथ्वीराज की आँखें

(*b*) साहब को जुकाम है

(*c*) रीढ़ की हड्डी

(*d*) मम्मी ठकुराइन

**सूची II**

(1) डॉ. लक्ष्मीनारायण लाल

(2) डॉ. रामकुमार वर्मा

(3) उपेंद्रनाथ अश्क

(4) जगदीशचंद्र माथुर

(5) मोहन राकेश

इनमें से **सही** विकल्प है :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (4) | (3) | (2) |
| (B) | (2) | (3) | (4) | (1) |
| (C) | (3) | (2) | (5) | (4) |
| (D) | (5) | (1) | (2) | (3) |

88. निम्नलिखित विचारकों को उनके सिद्धांतों के साथ सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) अरस्तू

(*b*) लोंजाइनस

(*c*) इलियट

(*d*) एलेन टेट

**सूची II**

(1) उदात्त

(2) विरेचन

(3) तनाव

(4) परंपरा

(5) विसंरचना

इनमें से **सही** विकल्प चुनकर लिखिए :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (2) | (1) | (4) | (3) |
| (B) | (1) | (2) | (3) | (4) |
| (C) | (5) | (4) | (3) | (2) |
| (D) | (2) | (1) | (5) | (3) |

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide



89. निम्नलिखित रचनाकारों के साथ उनकी रचनाओं का सुमेलन कीजिए :

**सूची I**

(*a*) कृष्णा सोबती

(*b*) वृन्दावनलाल वर्मा

(*c*) जगदीशचन्द्र माथुर

(*d*) शंकरशेष

**सूची II**

(1) कोणार्क

(2) कोमलगांधार

(3) अशोक का शोक

(4) जिन्दगीनामा

(5) झाँसी की रानी

**सही** विकल्प का चयन कीजिए :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (5) | (1) | (2) |
| (B) | (3) | (2) | (1) | (4) |
| (C) | (2) | (3) | (1) | (4) |
| (D) | (5) | (2) | (1) | (3) |

90. निम्नलिखित रचनाकारों को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) मैथिलीशरण गुप्त

(*b*) जयशंकर प्रसाद

(*c*) अज्ञेय

(*d*) धर्मवीर भारती

**सूची II**

(1) वभ्रुवाहन

(2) सिद्धराज

(3) कनुप्रिया

(4) चिंता

(5) संशयात्मा

इनमें से **सही** विकल्प चुनकर लिखिए :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (2) | (3) | (4) |
| (B) | (4) | (2) | (3) | (5) |
| (C) | (5) | (4) | (1) | (2) |
| (D) | (2) | (1) | (4) | (3) |

Prepp
Your Personal Exams Guide



91. निर्गुण भक्त कवियों की रचनाओं का संगत वर्ग है :

(A) ज्ञानसमुद्र, अंगवधू, रहिरास, बीजक

(B) बीजक, रहिरास, अंगवधू, ज्ञानसमुद्र

(C) रहिरास, अंगवधू, बीजक, ज्ञानसमुद्र

(D) ज्ञानसमुद्र, बीजक, अंगवधू, रहिरास

92. आदिकाल के कवियों का संगत वर्ग है :

(A) धनपाल, स्वयंभू, अब्दुलरहमान, रामसिंह

(B) रामसिंह, अब्दुलरहमान, धनपाल, स्वयंभू

(C) स्वयंभू, धनपाल, अब्दुलरहमान, रामसिंह

(D) स्वयंभू, अब्दुलरहमान, धनपाल, रामसिंह

93. आदिकालीन श्रृंगार प्रधान रचनाओं का संगत वर्ग है :

(A) बीसलदेव रासो, राउतबेल, ढोला मारू रा दोहा, बसंत विलास

(B) खुमाण रासो, पृथ्वीराज रासो, परमाल रासो, रणमल्ल छंद

(C) दोहाकोश, चर्यापद, डोम्बिगीतिका, नेमिचंद चउपई

(D) श्रावकाचार, संघपटक, रेवतगीरिराय, सुंदसण चरिउ

94. रामानंद के शिष्यों का सही संगत वर्ग है :

(A) कबीरदास, रैदास, पीपा, हृदयराम

(B) कबीरदास, रैदास, सेननाई, पीपा

(C) रैदास, कबीरदास, सेननाई, सुखानंद

(D) कबीरदास, पीपा, रैदास, कृष्णदास

95. निम्नलिखित में से भाषा की विशेषताओं का संगत वर्ग है :

(A) भाषा का अंतिम स्वरूप होता है, भाषा पैत्रिक संपत्ति नहीं है, भाषा सामाजिक वस्तु है, भाषा की एक भौगोलिक सीमा होती है

(B) भाषा पैत्रिक संपत्ति नहीं है, भाषा सामाजिक वस्तु है, भाषा की एक ऐतिहासिक सीमा होती है, भाषा का कोई अंतिम स्वरूप नहीं है

(C) भाषा पैत्रिक संपत्ति है, भाषा का अंतिम स्वरूप होता है, भाषा की एक भौगोलिक सीमा होती है, भाषा ऐतिहासिक वस्तु है

(D) भाषा का कोई अंतिम स्वरूप नहीं है, भाषा अर्जित संपत्ति नहीं है, भाषा सामाजिक वस्तु है, भाषा की एक भौगोलिक सीमा होती है

www.prepp.in



96. घुमंतू लोगों द्वारा प्रयुक्त 'जिप्सी' भाषा की उपबोलियों का संगत वर्ग है :

(A) इरबा, चाक्मा, मलार, कंजरी

(B) मचरिया, कंजरी, मलार, चाक्मा

(C) डोम, मचरिया, मलार, कंजरी

(D) डोम, चाक्मा, कंजरी, मचरिया

97. अल्पप्राण व्यंजनों का संगत वर्ग है :

(A) ग, ड, झ, ल

(B) क, ट, द, फ

(C) ज, य, त, ब

(D) च, द, म, र

98. लल्लूलाल की निम्नलिखित रचनाओं का संगत वर्ग है :

(A) चंद्रावती, प्रेमसागर, शकुंतला नाटक, माधवविलास

(B) माधवविलास, राजनीति, माधोनल, बैताल पच्चीसी

(C) रामचरित्र, माधवविलास, बैताल पच्चीसी, राजनीति

(D) उदयभान चरित, सिंहासन बत्तीसी, चंद्रावती, माधवविलास

99. भक्तिकाल के प्रमुख नीतिकाव्यों का संगत वर्ग लिखिए :

(A) भाषाभूषण, रामचन्द्रिका रसिकप्रिया, विज्ञानगीता

(B) वीरसिंह देवचरित, कृपणचरित, जमाल दोहावली, माधवानल कामकंदला

(C) सुदामाचरित्र, वृंदावनसत, अनुराग लता, वैद्यलीला

(D) कृपणचरित, जमाल दोहावली, नवरस पद्यावली, शालीभद्र चौपाई

100. कविवर देव की रचनाओं का संगत वर्ग कौन-सा है ?

(A) भावविलास, अष्टयाम, भवानीविलास, सुजानविनोद

(B) भावविलास, भूषणउल्लास, भवानी-विलास, सुजानविनोद

(C) अष्टयाम, भवानीविलास, भावविलास, रसराज

(D) भावविलास, अष्टयाम, भवानीविलास, ललितललाम

www.prepp.in



**ROUGH WORK**

Your Personal Exam Guide